# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

## (टिप्पणियां एवं आदेश)

सचिव / उपाध्यक्ष

कृपया कोयल एन्क्लेव आवासीय योजना में ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड सं0–जी0एच0–09 पर (एस+9) बहुमंजिलें 259 समाजवादी आवास भवनों के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त निविदाओं पर समिति द्वारा विचार–विमर्श किया गया। उपरोक्त कार्य का व्ययानुमान रू0 38,67,12,900.00 की स्वीकृति नोट पृष्ठ संख्या–16 पर दिनांक 27.04.2016 को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान की गई। कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन प्राधिकरण वैबसाइट, हिन्दुस्तान, मिन्ट एवं दैनिक जागरण समाचार पत्रों में दिनांक 28.04.2016 को प्रकाशित कराते हुए दिनांक 28.05.2016 को निविदा आमंत्रित की गई, जिसमें 03 निविदादाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। अर्हता प्राप्त तीनों निविदाओं की तकनीकी बिड स्वीकृति के साथ प्राईज बिड खोले जाने की स्वीकृति पूर्व पृष्ठ सं0–20 पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 03.06.2016 को प्रदान की गयी। तद्‌नुसार अर्ह तीनों निविदादाताओं की प्राईज बिड निविदा समिति के समक्ष दिनांक 06.06.2016 को खोली गयी, जिसमें सर्वनिम्न निविदा मै0 आनन्द बिल्डटैक प्रा0लि0 की रू0 1980.75 प्रति वर्ग फीट (सुपर बिल्टअप एरिया) प्राप्त हुई, जो रू० 40,52,81,257.50 होती है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा अपनी आख्या में इंगित किया गया है कि पूर्व में कोयल एन्क्लेव आवासीय योजना एवं इन्द्रप्रस्थ आवासीय योजना में समाजवादी योजना के अर्न्तगत बहुमंजिलें भवनों के निर्माण हेतु कार्यो की निविदाओं में दी गयी शर्तो के अनुसार कंक्रीट की मात्रा 0.35 घनमी0 प्रति वर्ग मी0 तथा स्टील की मात्रा 5.00 किलोग्राम प्रति वर्ग फीट के अनुसार लेते हुए कार्य की निविदा रू0 1890.00 प्रति वर्ग फीट स्वीकृत हुई थी। तद्‌नुसार प्रश्नगत कार्य का व्ययानुमान भी रू0 1890.00 प्रति वर्ग फीट के आधार पर स्वीकृत किया गया था।

अभियन्त्रण जोन द्वारा अपनी आख्या में इंगित किया गया है कि प्राधिकरण में समान प्रकृति के अन्य कार्यो में आर0सी0सी0 व स्टील की मात्रा स्ट्रक्चर डिजाईन के अनुसार 0.35 घनमी0 प्रति वर्ग मी0 एवं 5.00 किलोग्राम प्रति वर्ग फीट से अधिक होने के कारण कार्य की निविदा में आर0सी0सी0 की मात्रा 0.35 घनमी0 प्रति वर्ग मी0 के स्थान पर 0.45 घनमी0 प्रति वर्ग मी0 एवं स्टील की मात्रा 5 किलोग्राम प्रति वर्ग फ़ीट के स्थान पर 5.60 किलोग्राम प्रति वर्ग फीट के आधार पर निविदा आमंत्रित की गयी है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा कार्य की न्यायोचित लागत की गणना पूर्व स्वीकृत दर रू0 1890.00 प्रति वर्ग फीट में उपरोक्तानुसार प्रश्नगत कार्य में आर0सी0सी0 एवं स्टील की मात्रा में हुई बढ़ोत्तरी के मूल्य को सम्मिलित करते हुए न्यायोचित लागत रू० 40,39,20,601.00 की गणना की गयी है, इस प्रकार प्राप्त निविदा न्यायोचित लागत से 0.34 प्रतिशत उच्च रहती है। अभियन्त्रण जोन द्वारा प्राप्त सर्वनिम्न निविदादाता मै0 आनन्द बिल्डटैक प्रा0लि0 की दरें न्यायोचित धनराशि से उच्च रहने के कारण सर्वनिम्न निविदादाता से नैगोशिएसन किये जाने की स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गयी है।

अतः पूर्व नोट पृष्ठ सं0–23 पर अधिशासी अभियन्ता जोन–8 की अनुशंसा व नोट पृष्ठ संख्या–24 पर सहायक अभियन्ता–तकनीकी की आख्या के क्रम में उपरोक्त कार्य हेतु सर्वनिम्न निविदादाता मै0 आनन्द बिल्डटैक प्रा0लि0 की निविदा न्यायोचित धनराशि से अधिक होने के कारण सर्वनिम्न निविदादाता से नैगोसिएशन किये जाने पर निविदा समिति द्वारा संस्तुति की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहा0अभि0–तक0 / सहा0अभि0<br>सदस्य संयोजक | (एस0एस0 वर्मा)<br>अधिशासी अभियन्ता जोन–8 | (सुशील चन्द्र द्विवेदी)<br>मुख्य अभियन्ता | (टी०आर० यादव)<br>वित्त नियन्त्रक |

21/6/16
सचिव

विजय कुमार यादव
उपाध्यक्ष

EE-8

21/6/2016